CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-17-2026 23:19 Color:

मुंबई > बुधवार, 18 फरवरी 2026 > माघ 29 शक 1947 फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 41 > मूल्य ₹5.00 > पेज 16 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in




चेक बाउंस केस पर भड़की अमीषा पटेल ▸p9

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

T20 वर्ल्ड कप में युवराज सामरा का रेकॉर्ड शतक ▸p13





## 75 वर्षों का जश्न

नवभारत टाइम्स, मुंबई शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 को अपनी 75वीं गौरवपूर्ण वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर एक रंगारंग शाम का आयोजन किया गया है, जिसमें कई नामचीन कलाकार मोहक प्रस्तुतियां देंगे। इतना ही नहीं, इस अवसर पर हम करेंगे उन असाधारण हस्तियों का सम्मान, जिन्होंने अपने हुनर से बढ़ाया है इस देश का मान। देखें ▸▸पेज3

### खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 5, 13

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 29.8 | 23.0 |
| सांताक्रूज | 31.0 | 22.4 |
| सूर्यास्त बुधवार | | 6:40 बजे |
| सूर्योदय गुरुवार | | 7:05 बजे |

NBT नवभारत — हवाई व रेल मार्ग वाहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# आतंक के खिलाफ भारत-फ्रांस साथ

## पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों मुंबई में मिले | दोनों पक्षों ने सहयोग के 21 समझौतों पर हस्ताक्षर किए | पीएम ने भारत और फ्रांस के संबंध को स्पेशल बताया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

पीएम नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को मुंबई में मिले। मुलाकात में रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि चाहे यूक्रेन हो, पश्चिम एशिया या इंडो-पैसेफिक हम हर क्षेत्र में शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाना हमारी साझी प्रतिबद्धता है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत और फ्रांस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की बात करते हुए राफेल फाइटर जेट का जिक्र किया।

**फ्रांस सबसे पुराने स्ट्रैटजिक पार्टनर में से एक: PM**

उन्होंने कहा, 'मुझे राफेल फाइटर जेट और सबमरीन का जिक्र करना चाहिए, साथ ही उन नए प्रोजेक्ट्स का भी जो साथ मिलकर शुरू कर रहे हैं।' मोदी और मैक्रों ने रिमोटली H-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत की। यह कर्नाटक में है। दोनों पक्षों ने सहयोग के 21 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम ने भारत-फ्रांस के संबंध को स्पेशल बताया। साथ ही कहा कि फ्रांस, भारत के सबसे पुराने स्ट्रैटजिक पार्टनर में से एक है। ▸▸पेज 11

> भारत-फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने वाला हेलिकॉप्टर भारत में बनाएंगे। -नरेन्द्र मोदी

> राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक, हम रक्षा सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। -मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों (बाएं) और पीएम मोदी की मुलाकात में रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### मैक्रों के दौरे से क्या-क्या निकला

1 बेंगलुरु में H-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई। H-125 इतिहास का एकमात्र हेलिकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है।

2 रक्षा सहयोग में भारत और फ्रांस के बीच समझौता और आगे बढ़ गया है।

3 फ्रांस की साफरान (Safran) और भारत की भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) मिलकर भारत में ही HAMMER (हैमर) मिसाइल बनाएंगे। यह एक आधुनिक, सटीकता से वार करने वाली एयर टु ग्राउंड मिसाइल है।


4 भारतीय सेना और फ्रांस की लैंड फोर्स के अधिकारियों की एक-दूसरे के यहां भी तैनाती की जाएगी।

### मुंबई में जॉगिंग करते दिखे मैक्रों...



मुंबई पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों मंगलवार को मरीन ड्राइव पर जॉगिंग करते दिखाई दिए। उन्हें तेजी से दौड़ते हुए देखकर लोग चौंक गए। नेवी ब्लू रंग की टी-शर्ट, काले शॉर्ट्स और रनिंग शूज पहने हुए वे सुबह की भीड़ में घुल-मिल गए थे। सुरक्षाकर्मी उनके पीछे चल रहे थे। पिछले साल दिसंबर में भी मैक्रों अपनी चीन यात्रा के दौरान जॉगिंग करते दिखे थे। (पीटीआई)

## ट्रंप ने चेताया, ईरान ने होर्मुज में मिसाइलें दागी




जिनीवा में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए।

■ एपी, जिनीवा/वॉशिंगटन: अमेरिका और ईरान ने मंगलवार को जिनीवा में दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष बातचीत में हिस्सा लिया। ओमान की मध्यस्थता में हो रही इस अप्रत्यक्ष बातचीत में दोनों देशों के प्रतिनिधि अलग-अलग कमरों में रहे और मध्यस्थों के जरिए तीन घंटे तक उनमें बातचीत हुई।

**ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान की बातचीत हुई**

बातचीत से पहले ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) की ओर मिसाइलें दागने का सैन्य अभ्यास किया। इस अहम समुद्री मार्ग से ही दुनिया के 20% कच्चे तेल की आवाजाही होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा कि मैं भी इस बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहूंगा।





CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 02-17-2026 23:01 Color:



# आमदनी बढ़ाने के लिए MMRDA को चाहिए MMR की सरकारी जमीन

## कलेक्टर लैंड के विकास से आय बढ़ाने की ठोस रणनीतिक तैयारी



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने अपनी आमदनी बढ़ाने का नया प्लान तैयार किया है। प्राधिकरण ने इस बार एमएमआर में मौजूद कलेक्टर लैंड से अपनी आय बढ़ाने का प्लान बनाया है। एमएमआर की सभी कलेक्टर लैंड प्राधिकरण को सौंपने का प्रस्ताव एमएमआरडीए ने सरकार के पास भेजा है।

**एमएमआर परिसर का तेजी से विकास हो रहा है**

एमएमआरडीए कमिश्नर संजय मुखर्जी के अनुसार, एमएमआर परिसर का तेजी से विकास हो रहा है। सरकार ने एमएमआर के बड़े हिस्से के विकास का जिम्मा एमएमआरडीए को दिया है। प्राधिकरण की आमदनी का मुख्य सोर्स जमीन है। बीकेसी और वडाला की जमीन से प्राधिकरण को करीब 11,177 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। जबकि मौजूदा आय की तुलना में जारी और प्रस्तावित प्रोजेक्ट का खर्च कई गुना अधिक है। ऐसे में प्राधिकरण को आमदनी के नए रास्ते खोजना ही पड़ेगा। एमएमआर की सभी सरकारी जमीन को विकसित कर प्राधिकरण अपनी आय बढ़ाने के साथ ही संबंधित विभाग को भी फायदा पहुंचाने की योजना बनाई है।

मुखर्जी के अनुसार, सरकार के पास भेजा प्रस्ताव के मुताबिक एमएमआरडीए कलेक्टर लैंड को विकसित करेगा। उसका कमर्शल इस्तेमाल कर बगैर आमदनी वाली प्रॉपर्टी से आमदनी का स्रोत तैयार करेंगे।

### कर्ज का बोझ कम करने का प्रयास


NBT Lens खबरों के अंदर की बात

एमएमआर में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमएमआरडीए के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। प्रोजेक्ट करने के लिए प्राधिकरण को वित्तीय संस्थानों से लोन लेना पड़ता है। आमदनी के नए रास्ते तैयार कर एमएमआरडीए अपना कर्ज का बोझ कम करने की योजना पर काम कर रहा है।

# मेट्रो-4 के हादसे के बाद MMRDA करेगी मेट्रो की सभी लाइनों की जांच

## मुलुंड में हुए हादसे के बाद लिया गया यह निर्णय

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com



**क्या है मामला?** 14 फरवरी को एलबीएस रोड पर मेट्रो-4 का सेगमेंट रिक्शा और कार पर गिर गया था। इस दुर्घटना में रिक्शा में में सवार 3 और कार में बैठी एक महिला जख्मी हो गई थी। 4 जख्मी में से की एक की मौत हो चुकी है, जबकि दो का अब भी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस दुर्घटना के बाद प्राधिकरण को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

■ मुंबई : मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने 14 फरवरी को मुलुंड में हुए हादसे के बाद तैयार हो रही सभी मेट्रो लाइन की जांच करने का निर्णय लिया है। एमएमआरडीए कमिश्नर डॉ. संजय मुखर्जी के अनुसार, निर्माणाधीन मेट्रो-4 कॉरिडोर के पूरे रूट की जांच शुरू कर दी गई है। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और जनरल कंसल्टेंट पर जुर्माना लगा दिया है। मेट्रो-4 के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने का जिम्मा रखने वाले जनरल कंसल्टेंट को काम से हटा दिया गया है। पिछले ढाई साल में घाटकोपर-वडाला-कासारवडवली मेट्रो मार्ग की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले जनरल कंसल्टेंट को 150 नोटिस दिए गए हैं। एलबीएस रोड पर मेट्रो मार्ग से सड़क पर सेगमेंट गिरने की घटना के बाद जनरल कंसल्टेंट पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अब तक दुर्घटना के बाद संबंधित एजेंसी पर लाखों का जुर्माना लगता था, अब करोड़ों का जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया गया है।

मेट्रो-4 के रूट की जांच के लिए इंजीनियर की अलग-अलग टीम का गठन कर दिया गया है। अब तक करीब 20 किमी के मार्ग की जांच का काम पूरा हो गया है। जल्द ही यह काम पूरा कर लिया जाएगा। फाइनल रिपोर्ट के बाद ठेकेदार और जनरल कंसल्टेंट के खिलाफ और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

मुखर्जी के मुताबिक, मुलुंड हादसे को प्राधिकरण ने बहुत गंभीरता से लिया है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एमएमआर में तैयार हो रही सभी मेट्रो लाइन की जांच जाएगी।

**हर तीन महीने में जांच:** एमएमआरडीए कमिश्नर के अनुसार, निर्माणाधीन मेट्रो के साथ ही जिन मार्ग पर मेट्रो का संचालन हो रहा है, उन मार्ग पर भी हर 3 महीने में मेट्रो मार्ग की जांच होगी। ताकि भविष्य में मेट्रो मार्ग पर कोई हादसा नहीं हो। एमएमआरडीए एमएमआर में 350 किमी लंबे मार्ग पर मेट्रो लाइन तैयार कर रही है, जबकि 35 किमी के मार्ग पर मेट्रो का संचालन शुरू हो गया है।

पेज 1 से आगे

### सीबीआई जांच पर सरकार का रुख

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस विषय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखेगी। 28 जनवरी को मुंबई से बारामती जा रहे अजित पवार के विमान का हादसा हो गया था, जिसमें कुल पांच लोगों की मौत हुई थी।

**सीएम का आश्वासन, केंद्र को पत्र**

**प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेता**

मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में सुनेत्रा पवार, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष व सांसद प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, कैबिनेट मंत्री हसन मुश्रीफ और युवा नेता पार्थ पवार शामिल थे। सौंपे गए ज्ञापन में दुर्घटना से जुड़े कई गंभीर और संदिग्ध पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है, जिनकी निष्पक्ष और व्यापक जांच आवश्यक बताई गई है। इसके अलावा उड़ान दल (फ्लाइट क्रू) की संरचना में अंतिम क्षणों में किए गए बदलाव, जिनकी परिचालन स्वीकृति और निर्णय प्रक्रिया की जांच, हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) संवाद और रनवे क्लीयरेंस के क्रम में पाई गई विसंगतियां जैसे मुद्दे का जिक्र किया गया है। तटकरे ने कहा कि सीआईडी जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। सीबीआई जांच से प्रकरण में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in